Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to promote micro, small and medium cscale enterprises-laid

श्री गणेश सिंह (सतना): माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मै सरकार के वाणिज्य एवं वित्त मंत्रालय का ध्यान लघु सूक्ष्म एवं सीमांत उद्योगों के उत्पादों तथा इकाईयों को बढ़ावा देने की जो योजना माननीय प्रधानमंत्री जी ने बनाई है, उस ओर दिलाना चाहता हूँ । अभी 200 करोड़ रुपये तक शासकीय निविदाओं में स्वदेशी कम्पनियों को भाग लेने की सहूलियत दी गई है, किन्तु इससे कम लागत की जो छोटी इकाईयां हैं, उन्हें इसका लाभ नही मिल पाता है । मेरा सुझाव है कि छोटी इकाईयों को तथा उनके उत्पादों को शासकीय खरीदी में यदि अवसर मिलेगा तो आत्मनिर्भर भारत को और मजबूती मिलेगी और ये इकाईयां अधिक अच्छी तरह से कार्य करते हुये अपना विस्तार करने में सफल होंगी । इसके साथ-साथ अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने का भी कार्य करेगी । जी0एस0टी0 में भी इनको और रियायत देने की जरूरत है ।